



आस्था | पाली के ऐतिहासिक जवारा जुलूस में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, काली नृत्य और झांकियों ने भी बांधा समां

# जवारा जुलूस पर हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा

**नवभारत, उमरिया।** उमरिया जिले के पाली स्थित मां बिरासनी शक्तिपीठ मंदिर में रामनवमीं पर यहां का ऐतिहासिक भव्य जवारा विसर्जन जुलूस निकाला गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हुए और पूजा-अर्चना के बाद सिर पर जवारा कलश रखकर नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान पूरे नगर में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

मां बिरासनी शक्तिपीठ में हर वर्ष की तरह इस बार भी लगभग 10 से 12 हजार से अधिक जवारा कलश बोए गए थे, जिन्हें श्रद्धालु अपने सिर पर रखकर मंदिर से सगरा तालाब तक लेकर पहुंचे, जहां विधि-विधान से विसर्जन किया गया। जुलूस मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए प्रसिद्ध सगरा तालाब पहुंचा। इस वर्ष जवारा विसर्जन जुलूस का विशेष आकर्षण हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा रही। जैसे ही जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा, ऊपर से फूलों की वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और बढ़ गया जुलूस में





पारंपरिक खप्पर के साथ काली नृत्य, में बाना लिए श्रद्धालु और भगवान की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ज्ञातव्य हो कि मां बिरासनी शक्तिपीठ का यह जुलूस प्रदेश का सबसे बड़ा धार्मिक जुलूस माना जाता है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मार्गों पर मौजूद रहते हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

जवारा जुलूस के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद बनी रहे इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों में अपर कलेक्टर अभय सिंह ओहरिया, अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, अनुविभागीय अधिकारी रीता डहेरिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस सी बोहित शुरू से कमान संहाल रखी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगभग 500 से अधिक पुलिस, राजस्व, नगर प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी और मंदिर समिति के सदस्य तैनात रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।


### ये रहे उपस्थित

जवारा जुलुस में क्षेत्र भर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शकुन्तला प्रधान, मंडल अध्यक्ष राधा तिवारी के साथ सैंकड़ों पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, वहीं पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय कोल, जनपद अध्यक्ष मनीष सिंह, शहडोल जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, संजीत्र खण्डेलवाल, जानकी मिश्रा, रमेश सिंह, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी, सीताराम सत्य एडिशनल एसपी मानपुर विधायक मीना सिंह आदि के सैंकड़ों पदाधिकारियों को उपस्थिति जुलुस में देखने को मिली।

### संतोषी माता, खेर माता का भी निकलेगा जवारा जुलूस

बसंतीय नवरात्रि में चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्रि का महा पर्व पूर्णिमा तक निरंतर रूप से जवारा विर्सजन होने की परंपरा रहर्ती है। इस कड़ी में कल पाली के संतोषी माता मंदिर में और समीपवर्ती ग्राम निपनिया में खेर माता और बिरासनी देवी धतिन माता का सामूहिक जवारा जुलुस निकाला जायेगा। नवमीं से शुरू हुआ जवारा विसर्जन कार्यक्रम पूर्णिमा को धनवार में अंतिम समापन तक अनवरत रूप से चलेगा।

### जवारा विसर्जन के दौरान ऑटो चालक पर चाकू से हमला



बिरसिंहपुर पाली से जवारा जुलूस के दौरान चाकूबाजी की खबर सामने आई है, जहां जावरा कलश विसर्जन के दौरान न्यू बस स्टैंड के सामने कुछ सिरफिरे आरोपियों ने नौरोजाबाद निवासी ऑटो चालक मंगलू पर चाकुओं से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मंगलू को तुरंत बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार गया।



# मां शारदा टेकरी में कलश यात्रा के साथ हुआ जवारों का विसर्जन

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा स्थित मां शारदा टेकरी में परंपरागत रूप से आयोजित जवारे विसर्जन कार्यक्रम इस वर्ष भी भक्ति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। दशमीं तिथि पर पर भव्य शोभायात्रा निकालकर जवारे का विसर्जन टेकरी के पीछे स्थित कुंड में किया गया। इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विशेष रूप से कन्याओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता ने आयोजन को आकर्षक और आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। महिला, पुरुष एवं बुजुर्ग श्रद्धालु भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ शामिल हुए। जवारा जुलूस में सैकड़ों गांवों से श्रद्धालुओ ने पहुंचकर भाग लिया। आयोजन में मां शारदा टेकरी समिति एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मानिकपुर में विसर्जित किए गए माता के जवारे



शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में 9 दिन तक नवरात्रि के उपरांत माता के जवारे का विसर्जन शुक्रवार को बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर स्थानीय नदी तालाब में जवारे का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व महिलाओं ने कलश के साथ दुर्गा मंदिर और फिर माता मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान माता के जयकार एवं जयश्रीराम से पूरा क्षेत्र गुंजायमान उठा।

# परीक्षा परिणाम में यलो हाउस रहा सबसे अव्वल

### संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया गया परीक्षा परिणाम समारोह

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा स्थित संस्कार पब्लिक हाई स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एम के राय विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक आर एस गुरुदेव सीएसी शहपुरा शिक्षक अश्वनी साहू संजय साहू डॉक्टर सुशील झारिया रहे, जिन्होंने 100 % उत्तीर्णता दर पर स्कूल को बधाई दी।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में शहपुरा नगर में सर्वोच्च अंक विद्यालय के गौरव रजक ने कक्षा आठवीं में 92% एवं कक्षा पांचवी में प्रिंस कुमार उइके ने 94.25 अंक प्राप्त कर टॉपर्स सूची में प्रथम स्थान बनाया। वहीं नर्सरी में अमोल्या



तेकाम 94% एलकेजी में नवग्या झारिया ने 99.11 प्रतिशत यूकेजी भूपेंद्र झारिया ने 98.22 प्रतिशत कक्षा पहली स्पर्श साहू 98.22 प्रतिशत कक्षा दूसरी दर्शन साहू 96.44 प्रतिशत कक्षा तीसरी भूमि पुष्पाकर 94% कक्षा चौथी मेघा झरिया 92.17 प्रतिशत कक्षा पांचवी प्रिंस कुमार उइके 94.25 प्रतिशत ने प्रथम स्थान बनाया द्वितीय स्थान पर पूर्वी डोंगरे 93.5 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर समीक्षा साहू 87.75 अंक प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान स्मृति साहू 87.50 प्रतिशत कक्षा सातवीं एंजेल साहू 85.97 प्रतिशत कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान गौरव रजक 92% द्वितीय स्थान रिदिमा बघेल ने 91.16% एवं तृतीय स्थान पर दिव्यांश सेनी 89.6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान पर नम्रता ठाकुर द्वितीय स्थान पर वैष्णवी शर्मा एवं तृतीय स्थान पर नैंसी झारिया रही। इसके अलावा विद्यालय के सफल संचालन के लिए चारों हाउस के आंतरिक मूल्यांकन में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर रविंद्र नाथ टैगोर (यलो हाउस) ने अपना परचम लहराया। कार्यक्रम में समस्त अभिभावकों छात्र-छात्राओं के साथ वरिष्ठ शिक्षक खेलन लाल झारिया, दीपेश साहू, तनु बरमैया, ममता रानी सेंगर, श्वेता झारिया, सरिता साहू, सुषमा बरमैया श्रुति गुप्ता, कीर्ति साहू, प्रियंका झारिया, फूलबाई झारिया, नम्रता साहू केयरटेकर कविता बरमैया आरती उइके, पुष्पा यादव, नन्हे लाल यादव एवं रामेश्वर झारिया की उपस्थिति रही।

# नशा व्यक्ति के साथ परिवार व समाज को प्रभावित करता है : मरकाम

### जीवन आश्रय वृद्ध आश्रम का उद्घाटन के साथ शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र का वार्षिकोत्सव आयोजित

**डिंडोरी, नवभारत।** दिव्या ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित जीवन आश्रय वृद्ध आश्रम का विधिवत उद्घाटन एवं शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र का वार्षिकोत्सव सोमवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ओमकार मरकाम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी राहुल शर्मा, वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अशोक वर्मा, जिला जेलर श्री काटिया, ब्रह्मकुमारी आश्रम से दीदी संगीता तथा समाजसेवी राधेश्याम राठौर सहित अनेक गणमान्य



नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर जीवन आश्रय वृद्ध आश्रम का उद्घाटन किया। आश्रम निरीक्षण के दौरान अतिथियों ने रहने, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और बुजुर्गों की दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को सराहा। आश्रम का उद्देश्य बुजुर्गों को सुरक्षित, सम्मानजनक और पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराना बताया गया।

**वार्षिक प्रतिवेदन में नशा मुक्ति कार्यों की सराहना**-प्रोजेक्ट मैनेजर शिवानीतिका पॉल ने शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 196 व्यक्ति नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन की ओर लौटे। वहीं 10 से 18 वर्ष के 4,000 बच्चों को पियर एजुकेटर कार्यक्रम के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर विधायक मरकाम ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। संस्थाएँ जो काम कर रही हैं, वह जिले के लिए मिसाल है। सरकार की योजनाएँ तभी प्रभावी होती हैं जब समाज सक्रिय रूप से साथ खड़ा होता है। इस मौके पर जिला जेलर श्री काटिया, ब्रह्मकुमारी दीदी संगीता ने भी नशा छोड़ने के उपाय बताए। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने नशा मुक्ति का संदेश हल्के-फुल्के लेकिन प्रभावी तरीके से दिया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के पदाधिकारी, संस्था प्रमुख अनिल शर्मा, केंद्र का पूरा स्टाफ और बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# अमरपुर में हुआ नि :शुल्क जल मंदिर का शुभारंभ

**अमरपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अमरपुर एवं जिला डिंडौरी के योजना अंतर्गत जिला समन्वक धर्मेंद्र सिंह चौहान व ब्लॉक समन्वक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन पर नवांकुर संस्था बाल विकास विद्या मंदिर समिति अमरपुर के नेतृत्व में जल मंदिर (प्याऊ) का ग्राम पंचायत अमरपुर फॉरेस्ट कॉलोनी शनि मंदिर के नजदीक तिराहे में मुन्ना महाराज, संजय सिंगौरे, रामकृष्ण यादव के द्वारा नारियल, अगरबत्ती, तिलक वंदन कर देवी स्वरुपा कन्या दीक्षा तंतुवाय द्वारा फीता काटकर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ गया।

तत्पश्चात ब्लॉक समन्वयक अमरलाल धुर्वे ने अपने उद्बोधन में बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रति वर्ष जल संरक्षण, जल संवर्धन का कार्य किया जाता हैं। जिसमें जल स्त्रोत का संरक्षण, बोरी बांध, साफ सफाई का कार्य किया जाता हैं। जिसमें आज ग्राम पंचायत अमरपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री के मनंसानुसार जल मंदिर (प्याऊ) के माध्य से भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी निशुल्क रूप से आसानी से उपलब्ध हो, भविष्य के लिए हमें जल बचाकर रखना आवश्यक हैं, इस बढ़ते भीषण गर्मी एवं पर्यावरण में बदलाब को देखते हुए जल स्त्रोत जैसे नदी, नाले, कुएं और तालाबों को संरक्षण कर हम जीव जंतुओं के लिए जल संचय कर लोगों को जागरूक कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रभारी अरविंद यादव, राकेश कुमार मरावी, परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर, राधे श्याम बनवासी, तिलक सिंह सैयाम, मनोज कुमार तंतुवाय, नीतू मरकाम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर, सचिव साहब लाल पूषाम, एनएसयूआई के छात्र, छात्राएं दीपेंद्र कुमार, सचिन कुमार नंदा, मनीषा, संतोष तिवारी, प्रतीक बर्मन, योगेन्द्र तंतुवाय, तेज लाल, चरण चक्रवर्ती, छोटेलाल, टीकाराम, दीपेश, यश यादव, बलवंत कश्यप, राधा तंतुवाय, शारदा चक्रवर्ती, रमेश मरकाम, दुलीचंद महोबिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।





# लौह पुरुष की जयंती पर युवाओं ने दिखाई ऊर्जा और एकता

### साइक्लोथॉन में युवाओं ने लिया बढ़चढ़कर भाग

**करंजिया, नवभारत।** विगत दिवस देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में करंजिया में 'साइक्लोथॉन 2026' का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। रैली में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस बल एवं विभिन्न वाहिनियों के जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य सिर्फ एक रैली निकालना नहीं, बल्कि युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और समाज में एकता व अनुशासन का संदेश देना था। प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ 'फिट इंडिया' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाया।

**व्यवस्थाओं में पुलिस रही मुस्तैद**-कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा। रैली शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जिससे आयोजन की सफलता और भी प्रभावशाली बन गई। बता दें कि करंजिया में आयोजित यह साइक्लोथॉन न केवल एक आयोजन रहा, बल्कि यह सामुदायिक सहभागिता, जागरूकता और युवा शक्ति के प्रदर्शन का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।

# ग्रामीणों को मिला अधिकारों का संबल

### डिण्डौरी में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**डिण्डौरी, नवभारत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी द्वारा कलेक्टर कार्यालय स्थित ऑडिटोरियम हॉल में 'मेगा लीगल आउटरीच एंड अवेयरनेस कैंप' का गरिमामय एवं सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस वृहद शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर ग्रामीण अंचलों के लोगों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशिकांता वैश्य रहीं, जबकि आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार केशरवानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य अतिथि श्रीमती वैश्य ने उपस्थित जनसमूह को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू हिंसा से संरक्षण, भरण-पोषण, श्रमिक



अधिकार, मानव तस्करी से बचाव, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं दिव्यांगजन हितों से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव श्री केशरवानी ने अपराध पीड़ित प्रतिकार योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता एवं विधिक उपायों की जानकारी साझा की। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री एम.एल. राठौर ने नि:शुल्क विधिक सहायता एवं मीडिएशन की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरजेश कुमार सनोड़िया ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट एवं मोटर यान अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्याम सिंगौर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए हितग्राहियों को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन ऋषि पाण्डेय द्वारा किया गया। अंत में सचिव श्री केशरवानी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।